संख्या-473/2017/923/22-2-2017-17(33)/2003

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 22 जून, 2017***

विषय:- केन्द्रीय कारागार, नैनी, इलाहाबाद में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी नसीर अहमद उर्फ पुल्लू पुत्र श्री साहबदीन, निवासी जनपद-रायबरेली की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-12857/प्रोबे0-5-द0या0 बैठक-07.04.2017 दिनांक 27.04.2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र दिनांक 27.04.2017 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, नैनी, इलाहाबाद में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी नसीर अहमद उर्फ पुल्लू पुत्र श्री साहबदीन, निवासी ग्राम घोसियाना का पुरवा मजरे ख्वाजापुर, थाना सलोन, जनपद-रायबरेली का रहने वाला है। बन्दी द्वारा पुरानी दुश्मनी की रंजिश को लेकर दिनांक 29.04.1980 को 02 अन्य सहअभियुक्तों के साथ मिलकर लाठियों से मारकर 01 व्यक्ति की हत्या कर अपराध कारित किया गया है। उक्त अपराध के लिए बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-274/1980 में भा0द0वि0 की धारा-302/34 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय, ए0डी0एस0जे0-3, रायबरेली के आदेश दिनांक 15.05.1981 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया, जिसे मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 21.11.2002 द्वारा यथावत् रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 20.11.2016 तक 13 वर्ष 00 माह 21 दिन की अपरिहार एवं 15 वर्ष 11 माह 12 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। पुलिस अधीक्षक, जिला मजिस्ट्रेट तथा दयायाचिका समिति द्वारा बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति की गयी है। सक्षम स्तर पर यह पाया गया है कि सिद्धदोष बन्दी जघन्य अपराध में सहअभियुक्त है एवं 02 अन्य सहअभियुक्त कारागार में हैं। अत: समय पूर्व रिहाई का औचित्य स्थापित नहीं होता है।

3- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी नसीर अहमद उर्फ पुल्लू (बन्दी संख्या-2615/05) पुत्र श्री साहबदीन, निवासी-जनपद-रायबरेली की संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

संख्या-473/2017/923/(1)/22-2-2017 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, रायबरेली।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, नैनी, इलाहाबाद।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in